जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7679 / 2025 दिनांकः 17 जनवरी, 2025

शीर्ष प्राथमिकता / महत्वपूर्ण

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः–समर्थ पोर्टल के क्रियान्वयन से सम्बन्धित मार्गदर्शी दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयानुक्रम में सूच्य है कि शासन द्वारा समर्थ पोर्टल के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में College Principal Access and Module Management से सम्बन्धित यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड उपलब्ध कराये जा चुके हैं तथा विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों एवं उनमें पंजीकृत विद्यार्थियों का डाटा सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है, जिसे विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये सम्बन्धित महाविद्यालय के यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से समर्थ पोर्टल पर देखा जा सकता है।

अतः **आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुक्रम में समर्थ पोर्टल पर अपने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों एवं उनमें पंजीकृत विद्यार्थियों की सूचना विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये सम्बन्धित महाविद्यालय के यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से लागिन करते हुए जाँच करना सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि होने की दशा में उसे अपडेट कराने हेतु डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, नोडल अधिकारी–समर्थ पोर्टल से सम्पर्क स्थापित करते हुऐ दिनांकः 27 जनवरी, 2025 तक संशोधित कराया जाना सुनिश्चित करें।**

सूच्य है कि तद्दिनांक के पश्चात् किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

भवदीय,

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, विश्वविद्यालय नोडल अधिकारी–'समर्थ पोर्टल'।
3. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com